हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 माता की विसर्जन यात्रा में सांग बाणा के साथ उमड़ी आस्था का ...

12 प्राचीन श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकालकर खेल मेला मैदान में ...


[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### जवरगांव निवासी सीआरपीएफ जवान शहीद

**धमतरी।** सीआरपीएफ बालाघाट में पदस्थ जवरगांव निवासी जवान टकेश्वर निषाद की सड़क हादसे में मौत हो गई। जवान का शव रविवार रात तक निवास स्थान पहुंचने की संभावना है।



जंवरगांव निवासी लकेश नेताम से मिली जानकारी के अनुसार टकेश्वर निषाद पिता पुनीत निषाद 27 वर्ष का 2020 में सीआरपीएफ में भर्ती हुई थी। वर्तमान में वह मध्यप्रदेश के बालाघाट में पदस्थ था। वह सुबह को डयूटी जाने के लिए निकला था। इस दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिससे जवान की मौत हो गई। बताया गया है कि जवान का 6 माह की बच्ची है। पिता एवं भाई खेती किसानी करते हैं। निधन की खबर से गांव में शोक की लहर है। पत्नी एवं परिवारजनों का शोक में बुरा हाल है। रविवार देर शाम तक जवान का पार्थिव शरीर निवास स्थान पहुंच चुकी होगी।

### समस्याओं का निराकरण करने आमने सामने होंगे पेंशनर और बैंक के अधिकारी

**धमतरी।** पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए स्टेट बैंक ने पेंशनरों की एक बैठक बुलाई है। यह बैठक पेंशनर भवन में 15 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे शुरू होगी।



पेंशनर ऐसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक ने इस बैठक में पेंशनरों को उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। श्री देवान ने बताया कि बैंक द्वारा पेंशनरों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है, जानकारी के अभाव में पेंशनर इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। बैठक में योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा टीडीएस के नाम पर हर माह हजारों रूपए कटौती की जा रही है। इस मुद्दे पर भी खुलकर चर्चा होगी।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

**धमतरी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी की प्रबंध समिति वर्ष 2024-27 के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नोडल अधिकारी सह डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम ने बताया कि सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार गणमान्य नागरिकों को प्रबंध समिति के गठन के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन जिला कार्यालय धमतरी के सूचना पटल में 14 अक्टूबर को किया जाएगा। किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो वह 18 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

करीब 200 साल पुराने मंदिर की परंपरा अन्य मंदिरों से अलग

# देवी भक्तों ने बाना सांगा लेकर मंदरमाई का जोत जंवारा निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- भक्तों की है अपार श्रद्धा, नवरात्र में ही देते दर्शन

मराठापारा स्थित मंदरमाई मंदिर के जोत जंवारा का रविवार को शाम 5 बजे विधिविधान से विसर्जित किया गया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने बाना सांगा लेकर मां का कृतज्ञता प्रकट किया और आशीर्वाद लिया। भक्तों ने जीभ, कान, नाक, हाथों की भुजा व पेट में लोहे के तार से भेदकर बाजा की धुन में नृत्य किया। डांग डंगनी से माता का सत्कार किया। 151 कलश यात्रा सिर पर लेकर महिलाएं कतारबद्ध होकर मंदिर से निकली। विसर्जन यात्रा शाम 5 बजे मंदिर से शुरू हुई जो बांसपारा, मराठापारा, गणेश चौक, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर, दानीटोला होते हुए शीतला तालाब में रात 10 बजे विसर्जित हुई। जोत जंवारा का जुलूस को गंतव्य तक पहुंचने में 5 घंटे का समय लगा। विसर्जन यात्रा देखने हजारों भक्तों की भीड़ लगी रही। शहर सहित ग्रामीण अंचल से भी देवी भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सदर बाजार 5 घंटे तक जाम रहा। पुलिस की तगड़ी व्यवस्था रही। राहगीरों को रूट बदलकर जाने का आग्रह किया गया। विसर्जन यात्रा में जोत जंवारा की जगह-जगह आरती उताकर पूजा अर्चना की गई और माता से आशीर्वाद लिया गया।





#### देवविग्रह नवरात्र में ही देते हैं दर्शन

मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि मंदिर की परंपरा है कि यहां के देव विग्रह पूरे वर्ष भर टोकरी में विश्राम करते हैं। सिर्फ नवरात्र में ही भक्तों को दर्शन देते हैं। इस बार मंदिर में 151 जोत कलश प्रज्ज्वलित की गई थी। मंदिर 200 साल पुरानी है। इनकी अन्य मंदिरों से परंपरा अलग है। यहां स्थापित कंकालीन देवी, रिक्छीन माता, मढ़यिा देव, लंगूर देव, बुढ़ी माई, झांपी से सिर्फ नवरात्र में ही बाहर निकलते हैं। विसर्जन के दूसरे दिन झांपी (टोकरी) में स्थापित किया जाता है। मंदिर की परंपरा है कि यहां पंचमी के दिन ही जोत जंवारा बोया जाता है। लगातार 5 दिन पूजा होने के बाद दशहरा के दूसरे दिन विसर्जित की जाती है।

#### चौथी पीढ़ी कर रही सेवा

पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि वर्तमान में देवी देवता की पूजा चौथी पीढ़ी कर रही है। मंदिर 200 साल से भी अधिक पुराना है। मंदिर के प्रति भक्तों की अगाध श्रद्धा है। दूर-दूर के भक्त यहां जोत कलश जलाने आते हैं। सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले भक्त कभी निराश नहीं होते। इसका सैकड़ों उदाहरण है। मंदिर में सभी वर्ग के लोग मत्था टेकने पहुंचते हैं।

## देवी दरबार में मनौती देने का सिलसिला शुरु




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तीन महीने की ब्रेक के बाद आदिशक्ति मां अंगारमोती में मन्नत देने का सिलसिला शुरु हो गया है। रविवार को दर्जनों परिवार ने अपनी मनौती पूरी की। इधर त्यौहारी सीजन के चलते गंगरेल पर्यटन में सुस्ती का आलम है। रविवार को गंगरेल में पर्यटकों की संख्या काफी कम रही।

आदिशक्ति मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि साल के तीन माह विशेष मन्नत पूजा पर ब्रेक लग जाता है। सावन माह में शिव की अराधना होती है। भादो माह में गणेश पूजा, पितरपक्ष तथा क्वांर महीने में नवरात्रि पर्व के कारण विशेष मन्नत की पूजा नहीं की जाती है। नवरात्र के बाद रविवार को दर्जनों श्रद्धालुओं ने अपनी मनौती पूरी की। रविवार को देवीदर्शन के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे थे।

#### गंगरेल पर्यटन में सुस्ती का आलम



गंगरेल वाटर स्पोर्टस के मुकेश कुमार ने बताया कि रविवार को दिन भर पर्यटकों की संख्या गिनती की रही। शाम को सीमित संख्या में सैलानी गंगरेल पहुंचे। उनका कहना है कि त्यौहारी सीजन के चलते पर्यटन में सुस्ती आई है। बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट के प्रभारी कैलाश राय ने बताया कि रिसोर्ट की बुकिंग में थोडी कमी आई है। दीपावली के बाद गंगरेल पर्यटन में बूम आएगा।

# ऑन लाइन साइट्स से मिली हथियार मंगाने वालों की सूची, ऑफ लाइन भी चल रही खोजबीन

#### केस 1

भरे इतवारी बाजार में फिर एक युवक तलवार लहराते पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि कारगिल चौक विंध्यवासिनी वार्ड निवासी मुकेश सोनकर उम्र 22साल पिता राधेश्याम सोनकर राम मंदिर के सामने तलवार लेकर लोगों को डरा रहा था। सिटी कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की है।

#### केस 2

रविवार शाम को बठेना जेल रोड में चेतन यादव ने भरत सिन्हा उम्र 46 वर्ष पर किसी धारदार चीज से हमला कर दिया। इस घटना में भरत की मौत हो गई। भरत वन विभाग में दैनिक वेतनभोगी था। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। एफआईआर लिखी जा रही है।



## शहर सहित पूरे जिले में चाकूबाजों का आतंक, हथियारों के सौदागरों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार चाकूबाजी की घटनाओं से परेशान पुलिस विभाग ने अब ऑन लाइन बटंची मंगाने वालों की सूची बनाने में जुटी हुई है। ऑन लाइन शॉपिंग मॉल से सूची मंगाई गई है। सूची के आधार पर पुलिस अपराधियों की लिस्टिंग कर रही है, जिन्होंने धारदार या अन्य प्रकार के हथियार मंगाए हैं। बटंचियों के कहर से केवल शहर ही नहीं पूरा धमतरी जिला थर्रा रहा है। हर दो चार दिन में चाकूबाजी की घटना सामने आ रही है। खासकर 14-25 वर्ष के युवा इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कुछ नशे की झोक में चाकूबाजी कर रहे हैं तो कुछ पुरानी रंजिश को लेकर। चाकूबाजी की इन घटनाओं ने पुलिस के नाक में दम कर दिया है। अब इन बटंचियों और चाकूबाजों पर लगाम कसने के लिए पुलिस इनकी शिनाख्ति में जुट गई है। करीब एक माह पहले पुलिस ने ऑन लाइन शापिंग साइट्स को पत्र लिखकर धमतरी के पिनकोड में डिलीवर की गई धारदार चाकू, बटंची सहित अन्य चीजों की लिस्ट और मंगाने वालों की सूची मांगी थी। दो साइट्स ने सूची भेज दी है। साइबर सेल इनमें से अपराधी तत्वों की पुष्टि कर रही है।

#### मंगाने वालों में महिलाएं ज्यादा

मिली सूची के आधार पर छानबीन की गई तो दो तीन लोगों ने ऑन लाइन हथियार की शापिंग की थी। अधिकांश मामलों में महिलाओं ने सब्जी काटने के लिए चाकू एवं अन्य चीजें मंगाई है। पुलिस और ऑनलाइन साइट्स से जवाब आने का इंतजार कर ही है। साइबर सेल प्रभारी सन्नी दुबे ने बताया कि मिली सूची के आधार पर तस्दीक की गई है। हथियार मंगाने वालों का हथियार जब्त भी किया गया है।



#### हैंड टू हैंड हो रही डिलीवरी

भले ही शहर में ऑन लाइन हथियार कम आए हैं, लेकिन यहां पर हथियारों की भरमार है। हथियारों की खरीदी बिक्री ऑन लाइन नहीं बल्की हैंड टू हैंड हो रही है। पुलिस इनकी भी लिंक तलाश कर रही है। साइबर प्रभारी श्री दुबे ने बताया कि हथियार खरीदने और बेचने वालों को तोड़ा जा रहा है। एक सूत्र भी हाथ में आता है तो कई लोग पकड़े जाएंगे।

#### नहीं मिलेगी बेल

पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से ले रही है। चार को जिला बदर किया गया है। चार और चाकूबाजों को जिलाबदर करने की तैयारी चल रही है। कोशिश की जा रही है चाकूबाजी के मामलों में आरोपियों को जमानत न मिले। कई मामलों में उनकी जमानत निरस्त भी हुई है। चाकूबाजी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस गुंडा फाइल भी ओपन कर रही है।

- **आंजनेय वार्ष्णेय**, *एसपी धमतरी*

# दो स्थानों पर तीन हादसे : दो की मौत, एक गंभीर व एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार रात को जिले के अलग अलग दो स्थानों पर तीन हादसे हुए। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर अवस्था में है। मृतकों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। घायल को उपचार के लिए बठेना अस्पताल में भर्ती किया गया है।

एक घटना भखारा रोड स्थित देमार पेट्रोल पंप के पास की है। शनिवार को रात 11 से 12 बजे के बीच मोटर सायकल सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल सवार ग्राम देमार निवासी कृष्णा यादव 19 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक देवा सोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी समय बाइक से कमलेश ध्रुव अपने घर को जा रहा था। तभी उसकी नजर दुर्घटना से मृत पड़े कृष्णा पर पड़ी और उसने बाइक से कंट्रोल खो दिया। स्लीप होकर मोटर सायकल गिरने से कमलेश को भी चोट पहुंची है। घायल देवा सोरी का उपचार डीसीएच में चल रहा है।

दूसरी दुर्घटना थाना केरेगांव क्षेत्र का है। केरेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि ग्राम सलोनी निवासी यशवंत मंडावी पिता ठुबाल मंडावी शनिवार रात को अपने दोस्त के घर जाने बाइक से निकला था। रात करीब 10 बजे नगरी रोड स्थित ब्राम्हणबाहरा मोड़ के पास फ्लाईऐस से भरी ट्रेलर में जा घुसा, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने यशवंत को मृत घोषित कर दिया। घायलों को 108 वाहन से जिला अस्पताल लाया गया। मृतक को रक्तदान ग्रुप एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान ने जिला अस्पताल मर्रच्युरी लाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंपी गई।

# पुलिस बनाने का झांसा देकर 16 लाख की धोखाधड़ी

- आरोपी आकाश चंद्राकर पर था 5 हजार का इनाम
- गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस में नौकरी का झांसा देकर 16 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी आकाश चंद्राकर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे आरोपी पर 5 हजार रुपए का ईनाम रखा गया था, जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।




कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसीराम साहू एवं अन्य प्रार्थी ने वरिष्ठ कार्यालय में लिखित शिकायत की थी कि आरोपी आकाश चंद्राकर ने पुलिस विभाग में आरक्षक भर्ती कराने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से 16 लाख रुपए लिया था। वादा के अनुसार पुलिस में भर्ती नहीं करा पाने पर पीड़ितों ने रकम वापस मांगा, लेकिन आरोपी ने उसके साथ धोखाधड़ी की। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं अन्य पीड़ितों का कथन लेखबद्ध कर आरोपी द्वारा किए गए इकरारनामा एवं चेक की छायाप्रतियां प्राप्त किया गया। धोखाधड़ी करना पाए जाने पर आकाश चंद्राकर के खिलाफ धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार था। पुलिस विभाग ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम रखा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश चंद्राकर 33 वर्ष परसवानी थाना कोतवाली जिला महासमुंद हाल निवास श्यामनगर वार्ड नं. 52 बोरसी जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपने इकरारनामा में आरोपी ने पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी और अन्य से 17.85 लाख लेना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली टीआई राजेश मरई, उ.नि. रविकांत शुक्ला, प्रआर दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपूत, साजिद अली का विशेष योगदान रहा।

गोभी, सेमी, कोचई, शिमला मिर्च 100 रूपए किलो बिका

# हरी सब्जियों की महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का जायका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शीत ऋतु के आगमन के बाद भी हरी सब्जियों के दामों में आग लगी हुई है। सब्जियों के महंगे होने से घर का बजट बिगड़ गया है। टमाटर से लेकर मौसमी सब्जियां काफी महंगी हो चुकी है। विकल्प के तौर पर उपभोक्ता सूखी सब्जी को उपयोग में लाने मजबूर हैं। सब्जी विक्रेता आसबाई सोनकर ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाली हरी सब्जियों की आवक कम हो चुकी है। बाहर से आने वाली सब्जियां महंगी है। महंगाई के कारण टमाटर घरों से गायब हैं। दुर्ग रायपुर से आने के कारण टमाटर 80 रूपये किलो हो गया है। अंचल में हरी सब्जियों की बोनी पिछड़ जाने से उत्पादन प्रभावित है। फसल आने में माह भर का समय है। नवम्बर माह में संभवतः सब्जियों के भाव कम हो सकते हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई लेकिन सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें निराश होना पड़ा। सब्जी विक्रेता गणेशिया बाई ने बताया कि रविवार को हरा धनिया, मुनगा 150 रूपये किलो बिका। गोभी, हरी मिर्च, कोचई, शिमला मिर्च, सेमी 100 रूपये किलो रहा। गाजर, ग्वारफल्ली, तोराई, परवल 80 रूपये किलो बिकी। टमाटर हाईब्रिड 50 रूपये, देशी टमाटर 70-80 रूपये किलो बिका। कुंदरू, करेला, बरबटी, पत्तागोभी 60 रूपये किलो रहा। भटा, भिंडी, कुम्हड़ा, केला, डोड़का, मूली 40 रूपये किलो बिका। लौकी 30 रूपये किलो रहा। सब्जी उत्पादक कृषक कैलाश पटेल ने बताया कि बारिश खत्म होने के बाद शीत ऋतु की सब्जियों की नर्सरी तैयार किया जा रहा है। फसल आने में माह भर का समय है। तेज धूप और उमस के कारण पौधे झुलस रहे हैं। प्रतिदिन सिंचाई के बाद भी पौधों में ग्रोथ नहीं हो रहा है। जिसके कारण उत्पादन प्रभावित है।

#### किराना सामान के रेट स्थिर

त्योहारी सीजन में किराना सामानों के दाम यथावत होने उपभोक्ता संतुष्ट है। कुछ एक स्थानों को छोड़कर किसी का भी रेट नहीं बढ़ा है। किराना व्यापारी देव जी भाई ने बताया कि रविवार को आलू 40, प्याज 60, शक्कर 42, गुड़ 50, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसून 300, रिफाइंड तेल पाउच 135, सरसों 70, मेथी 80, राहर दाल 120-170, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चनादेशी 90, काबुली चना 120-150, मटर सफेद 60, मटर हरा 110, चनादाल 100 रूपये किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 75 रूपये दर्जन रहा।

### उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन 18 तक

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के तहत ग्राम कानामुका, मंदरौद, चर्रा, चिंवरी, खपरी, सौराबांधा, कल्ले, चिरपोटी, खपरी और बगदेही में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए सहकारी समिति, महिला स्वसहायता समूह और स्थानीय निकाय आवेदन करने के लिए पात्र संस्था है, जिसका पंजीयन तीन माह पूर्व होना अनिवार्य है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### जान जोखिम में डालकर लोग यात्रा करने मजबूर

# वैकल्पिक मार्ग बनाने प्रशासन गंभीर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

21 सितंबर की रात्रि लगभग 10 बजे से मेघा महानदी पुल से आवागमन पूर्णतया बंद कर दिया गया है। महानदी पुल समीप जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए जल संग्रहण एनीकेट से दो पहिया वाहन एवं पैदल यात्रा हो रही है। क्षतिग्रस्त महानदी पुल की ऊपरी भाग पर नया पुल निर्माण की प्रक्रिया पूर्व में हो चुकी है। नदी में रेत मिट्टी की गहराई मापन कार्य नदी में बोर खनन कर औपचारिकता पूरी कर लिया गया है। नया पुल निर्माण प्रकरण एवं पूर्ण होने में कम से कम 4 से 5 वर्ष का लंबा समय लगने की संभावना है। स्थाई वैकल्पिक मार्ग निर्माण कर सभी प्रकार की वाहनों की आवाजाही बहाल करने की अति आवश्यकता है। उक्त मार्ग से सुबह से देर रात्रि तक हजारों लोगों की आवाजाही होती है। क्षतिग्रस्त महानदी पुल के समीप एनीकेट की कठिन मार्ग से जान जोखिम में डालकर लोग यात्रा करने मजबूर है। मगरलोड क्षेत्रवासियों को कुरूद सहित धमतरी, रायपुर, दुर्ग, भिलाई अन्य जगहों पर यात्रा करना महंगा हो गया है। मगरलोड से कुरूद जाने के लिए बड़े करेली, खट्टी, नारी मार्ग से जाने पर चार गुना समय व रुपया खर्च हो रही है। इसके अलावा बड़े करेली व नारी बस्ती के अंदर सड़क मार्ग जर्जर हो चुकी है। चारपहिया वाहन भी कांप रहे है। एक किलोमीटर लंबा बिना सुरक्षा घेरा से बना एनीकेट, एनीकेट में जाने बोल्डर, पत्थर युक्त ऊबड़ खाबड़ कच्चा मार्ग से शाम के समय यात्रा करना जान पर खेलने के समान यात्रा हो जाता है। चलने वाले यात्री भगवान से बार-बार प्रार्थना करते हैं कि हे भगवान अनहोनी ना हो। यात्रा सफल हो अपने गंतव्य तक सकुल पहुंच जाएं।

#### एनीकेट में शाम को असामाजिक तत्वों का भय

मेघा महानदी पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन 23 दिन तक बंद है। एनीकेट मार्ग से यात्रा हो रही है। शाम के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने की जानकारी मिल रही है। भय युक्त लंबा मार्ग में अनजान व्यक्ति का सामना होने से यात्रियों को जान माल का भय बना हुआ है।

#### मगरलोड क्षेत्रवासी को मिला कालापानी की सजा

महानदी से रेत की अंधाधुंध अवैध खुदाई से मेघा महानदी पुल टूटना तथा आवागमन बंद, यात्रा जान जोखिम से भरा हुआ है। शासन प्रशासन भी जानकर अनजान बैठे हैं। मगरलोड क्षेत्र को आज से लगभग 25, 30 वर्ष पूर्ण काला पानी कहते थे। साधन, सुविधा, विहीन मगरलोड क्षेत्र एक टापू बना था। समय बदलता गया साधन सुविधा मिलने पर क्षेत्रवासी राहत महसूस करते थे। किंतु मेघा महानदी पुल टूटने से आवागमन बंद होने से क्षेत्रवासी फिर कालापानी की सजा मिली हो महसूस कर रहे हैं।

# अरौद नाला पुल का मरम्मत शीघ्र होगा

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग जनहित में अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

खबर का असर

अरौद नाला पुल की सपोर्टिंग सीसी सड़क भारी वाहनों की आवाजाही से टूट कर जर्जर हो चुकी है। आवागमन बाधित हो गया हैं। भविष्य में करोड़ों की लागत से बनी पुल को खतरा हो सकता है। सर्वप्रथम हरिभूमि ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग प्रमुखों को अरौद नाला पुल की दयनीय स्थिति से अवगत कराया तथा जनहित में शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग धमतरी में पदस्थ पुल सब इंजीनियर मोहम्मद शोएब से मोबाइल पर चर्चा में बताया कि अरौद नाला पुल खतरे में शीर्षक से प्रकाशित समाचार पढ़कर व मोबाइल से जानकारी लेकर अरौद नाला का स्थल निरीक्षण किया है। प्रकाशित समाचार सत्य पाया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पुल सब इंजीनियर ने आश्वात्र किया कि अरौद नाला पुल की सपोर्टिंग सीसी सड़क टूटने से पुल को खतरा हो सकता है। टूटे हुए सीसी सड़क की



मरम्मत मटेरियल सामग्री एकत्र कर दो पार्ट में बनाया जाएगा। मरम्मत कार्य दो-तीन दिन के अंदर प्रारंभ हो जाएगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग प्रमुखों ने जनहित में अरौद नाला पुल समीप क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को बनवाने प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 को

**जीजामगांव।** छग शासकीय निःशक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ, दिव्यांग प्रेरणाजन कल्याण समिति व जन सेवा संस्थान द्वारा 15 अक्टूबर को राज्यस्तरीय दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन बिलाई माता मंदिर के पीछे आयोजित है।

## निधन

### शशिकला रायसोनी

**जीजामगांव।** जीजामगांव निवासी नीरज जैन एवं रितेश जैन की



माताजी श्रीमती शशिकला रायसोनी पति स्व. उत्तमचंद रायसोनी का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके निधन पर गुलाबचंद, पन्नालाल, अरुण, सुरेश, किशोर, विकास, पुत्र नीरज, रितेश सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रध्दांजली अर्पित की है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जीजामगांव के मुक्तिधाम में किया गया।

### गणेश दास मानिकपुरी

**सिर्री।** ग्राम भाठागांव के वरिष्ठ नागरिक गणेश दास मानिकपुरी 80



वर्ष का निधन हो गया है। वे नारायण दास, लक्ष्मीनारायण, संजय दास, संतोषी के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# मोहेरा में हुआ भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहेरा में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा श्रीमती पिंकी शाह एवं भाजपा नेता राजेंद्र गोलछा पहुंचे। इस दौरान श्रीमती शाह ने शीतला मंदिर मोहेरा में भी पूजा अर्चना किया एवं भागवत कथा में सम्मिलित हुई। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चित्रसेन प्रजापति, धरम बिसेन सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजपुर में नम आंखों से माता दुर्गा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

माता दुर्गा की नौ दिन तक पूजा अर्चना हवन यज्ञ के बाद मूर्तियों को विसर्जित किया गया। ग्राम राजपुर में चार जगह के दुर्गा पंडालों में विराजित मूर्तियों को दशहरा के दिन ट्रैक्टर में सवार कर सेवा जसगीत के साथ गली भ्रमण कराई गई। गली भ्रमण में श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्गा माता का जयकारा गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को गौरा तालाब में विसर्जित किया।

इस दौरान सुकूल साहू, गिरवर यदु, मोतीलाल निषाद, दुर्गेश यादव, जगदीश निषाद, दूज राम ध्रुव, हुकूम यादव, बिरझू कंवर, भगवंत सिन्हा,



गुहलेद कंवर, देवलाल कंवर, उमराव कंवर, गुहा निषाद, यादराम साहू, राकेश निषाद, टेकराम निषाद, सोमनाथ यादव, तोरण निषाद, जीवराखन निषाद, उगेश नेताम, चोवा कंवर, बुद्धदेव ध्रुव, चंद्रहास ध्रुव, ओमप्रकाश निषाद, सोनित, प्रतीक, भोजराम कंवर, हेमंत ध्रुव, वासुदेव, योगेश्वर निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विजयदशमी पर दरगहन में हनुमान जी की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

कोर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम दरगहन में विजयदशमी के अवसर पर नेताम परिवार के द्वारा स्कूल पारा में हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की गई। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी जिसमें हनुमान जी व पूरी वानर सेना के सहयोग से भगवान राम ने रावण का वध किया था। इस विजयदशमी के पावन पर्व पर नेताम परिवार कल्याण नेताम, मेघनाथ नेताम, कालिंद्री नेताम, परमेश्वर नेताम, दिनकर, कृतिका, खेमन, हिना, ह्यूमन बुधारू, सुशीला सरल, खूब लाल वीरु, भूषण के



द्वारा स्कूल पारा में हनुमान जी की नवीन प्रतिमा की स्थापना मंदिर में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पंडित सुनील तिवारी ने पूजा अर्चना करके मूर्ति की स्थापना करवाई।

# उमरगांव में दशमी तिथि के दिन रावण वध

- गजानन मंडली द्वारा राम, लक्ष्मण, विभीषण, हनुमान सेना सहित रावण, राक्षस दल वेषभूषा से सुसज्जित होकर रावण वध का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम उमरगांव में दशमी तिथि के दिन रावण वध का कार्यक्रम हुआ जिसमें असत्य पर सत्य की विजय पाई गई। जय गजानन मंडली द्वारा राम, लक्ष्मण, विभीषण, हनुमान सेना सहित रावण, राक्षस दल वेषभूषा से सुसज्जित हुए थे। गांव के देवी देवता सम्मिलित हुए रैनी की पूजा पाठ कर राम रावण से युद्ध चला फिर 25 फीट रावण का पुतला दहन किया गया और एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सिहावा थाना प्रभारी तिवारी, मोहन पुजारी, सुरेश मरकाम सरपंच, ईश्वर पटेल जनपद सदस्य, चन्द्रभान यादव, गणेश सूर्यवंशी, करण दास, तोषण साहू, ओमप्रकाश नेताम, अंगेश हिरवानी, सालिक साहू, नारायण दास, बेददास मानिकपुरी, टीकेश्वर सेन, तुलसी सार्वा, गजेन्द्र साहू, टिकेश ध्रुव, मोन्टू साहू, डिकेश्वर साहू, घुरऊ राम शेष आदि उपस्थित थे।

रात्रि कालीन कार्यक्रम जय अम्बे पुरन जस झांकी अरकार





जिला बालोद की प्रस्तुति हुई जो लोगों को काफी पसंद आया। इसके मुख्य अतिथि ऋषि ओटी नवागांव सांकरा सरपंच, अध्यक्षता पीलाराम ध्रुव एसडीओ रुद्री रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं विजयदशमी महोत्सव के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण मारकोले, हेमंत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सेन, सचिव रोमेश साहू, विष्णु शेष, सहसचिव तुकाराम निषाद, नारायण पुजारी एवं लखन पुजारी, मंशा सोम, जनक साहू, कुंदन यादव, नकुल सुर्यवंशी, सुरेश मरकाम, हेमंत पुजारी एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर ने स्कूल आकर बच्चों से की भेंट

# सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने गरबा खेलकर नवरात्रि उत्सव मनाया

- दिव्यांग होना अक्षम होना नहीं है, अगर किसी दिव्यांग व्यक्ति में जुनून और खेलने का हौसला है, तो वह अपने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साबित कर सकता है : रवि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सार्थक स्कूल में नवरात्रि पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव से आए स्पेशल ओलंपिक भारत, छत्तीसगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रवि जैन, विशेष बच्चों से मिलने पहुंचे। उनका स्वागत, विशेष बच्चों के द्वारा गीत गाकर किया गया।तत्पश्चात सभी बच्चे, सदस्य, प्रशिक्षक गण और रवि जैन मिलकर गरबा नृत्य और डांडिया करते हुए देर तक आनन्द लिया। स्कूल के भारती, देवश्री, वत्सला, दिशा, प्रीति, एवं



मनीषा ने गरबा की वेशभूषा, चनिया चोली में अम्बे मां के गीतों पर खूब नृत्य किया जो बच्चे पैर से भी दिव्यांग हैं वे भी व्हीलचेयर पर बैठकर डांडिया लेकर उनके साथ बहुत उत्साहित होकर खेलते रहे। रवि जैन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सार्थक स्कूल के बच्चों में खेल में आगे बढ़ने की बहुत संभावना है। अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए स्मरण किया कि पूर्व में स्पेशल ओलंपिक भारत के बैनर तले सार्थक स्कूल के छात्र सत्यांशु दीप, एथलेटिक्स, बॉस्केटबॉल में गांधीनगर, पोंडेचेरी में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कृत हो चुके हैं। साथ ही सार्थक के बच्चों एकलव्य पटेल विनीत बघेल, मनीषा साहू ,अर्जुन चक्रधारी, आकाश आहूजा और यज्ञदत्त साहू ने भिलाई, दुर्ग, अछोली, बालोद, रायगढ़ जैसे शहरों में भी अपनी प्रतिभा से विभिन्न खेलों में मैडल और सर्टिफिकेट हासिल किए हैं। और महाराष्ट्र के लोनावाला के 3 दिवसीय आयोजन में भी सार्थक के 9 बच्चों ने सहभागिता दी थी और बहुत से पुरस्कार अर्जित किए थे। रवि जैन ने स्कूल के कुछ और बच्चों को चयन करके, खेलों का अभ्यास कराने तथा स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के लिए तैयार करने की बात कही। इस अवसर पर सार्थक की उपाध्यक्ष श्रीमती अनुनंदा, सचिव स्नेहा राठौड़, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, मैथिली गोड़े, सुनैना गोड़े आदि उपस्थित थे।

# पथ संचलन में महिला मोर्चा ने की फूलों की वर्षा

**धमतरी।** विजयादशमी के अवसर पर नगर में निकाले गए पथ संचलन में स्वयंसेवकों के ऊपर भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चंद्रकला पटेल की अगुवाई में मोर्चा की बहनों ने कड़ी धूप में संचलन कर रहे स्वयंसेवकों के मान में पुष्प वर्षा की।




# विजयदशमी पर बिरेझर चौकी में की गई अस्त्र-शस्त्र की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी मनाई जाती है। इस दिन देवी अपराजिता की पूजा की जाती है। इस पूजा में मां रणचंडी के साथ रहने वाली योगनियों जया और विजया की भी पूजा की जाती है। विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजा करने की परंपरा आज से नहीं बल्कि प्राचीन काल से चली आ रही है। जिसमें अस्त्र-शस्त्र को सामने रखकर पूजा की जाती है। बिरेझर पुलिस आज भी इस परंपरा को वर्षों से निभाती चली आ रही है और विजयादशमी के दिन अस्त्र-शस्त्र की पूजा की जाती है। इसी उपलक्ष्य में चौकी प्रभारी चंद्रकांत



साहू ने विजयादशमी पर्व पर चौकी में अन्य पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ मिलकर विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्र की पूजा की गई। तत्पश्चात चौकी प्रभारी चंद्रकांत साहू द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं पूरे क्षेत्र वासियों को विजयदशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

उक्त शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एसआई दक्ष कुमार साहू, प्रधान आरक्षक शेषनारायण पांडे, दारा चंद्राकर, तारण साहू आरक्षक दीपेश चंद्राकर, विमल पटेल, भवानी साहू, डेमन साहू, नटवर राठौर महिला आरक्षक ज्योति, रेखा पाल सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

### मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल में शारदीय नवरात्र पर सार्वजनिक नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा की प्रतिमा का स्थापना रंगमंच दुर्गूकोंदल में किया गया था। नौं दिनों तक विधि विधान से ब्राह्मण के मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया और दसवें दिन दुर्गुकोंदल के गली मुहल्लों में डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान पुरूषों की अपेक्षा अधिक महिलाओं मां दुर्गा की आरती साथ विसर्जन में शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में 30 फीट के रावण का किया दहन

**दुर्गुकोंदल।** विजयदशमी पर ग्राम हाटकोंदल के स्कूल मैदान में आतिशबाजी के साथ 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। मंडली अध्यक्ष युवराज सिंह पटेल, जगदीश, हीराम यादव, वीरू यादव, चंद्रशेखर राकेश सरपंच त्रिभुवन टेकाम ने बताया 55 सालों से रावण दहन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राम रावण युद्ध प्रसंग प्रस्तुत किया, इसके बाद रावण दहन व आतिशबाजी का आयोजन किया गया। रावण दहन देखने गांव गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुँचे थे।

### डुवा में रामलीला 16 व 17 अक्टूबर को

**दुर्गुकोंदल।** आदर्श नवयुवक समिति ग्राम डुवा में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया है, जिसमें सीता हरण का रामलीला का आयोजन किया जाएगा। गायता मानूराम बोगा, पटेल मगतूराम बोगा, मेसोराम बोगा, गणेश्वर हिडको, रायसिंह गावड़े, अशोक उइके, चंपालाल, राजलाल, चिमनी राम, लिकेश बोगा, मनबोथ ने कहा कि दो दिवसीय रामलीला में डुवा के अलावा आसपास गाँव के लोग भी शामिल होते है।

### चारभाठा में रामधुनी सम्मेलन आज होगा

**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंमपदर के आश्रित ग्राम चारभाठा में एक दिवासीय संगीतमय भव्य रामधुनी सम्मेलन का आयोजन आज 14 अक्टूबर को किया गया है। मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच संतोष कविता भास्कर, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, मंडल महामंत्री संतोष भास्कर, ग्राम पटेल प्रेम सिंह तारम, पहाड़ सिंह पोया, वीरेंद्र तारम, अमित तारम और गन्नू शोरी शामिल रहेंगे।

**निधन**

### संतोष यादव



**धमतरी।** 13 अक्टूबर को संतोष यादव का 50 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रामसागर पारा निवासी संतोष यादव 50 वर्ष की अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे शांतिघाट के लिए निकलेगी। वे स्थानीय अखबार प्रखर समाचार के कर्मचारी थे। विगत कई वर्षों से वे वहां पर अखबार छपाई में काम आने वाले प्लेटिंग प्रिंटिंग का काम करते थे।

हैरतअंगेज अखाड़ा व झांकी रही आकर्षण का केंद्र

# माता की विसर्जन यात्रा में सांग बाणा के साथ उमड़ा आस्था का जनसैलाब




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर की परंपरानुसार दशहरे के दूसरे दिन कुरूद में धूमधाम के साथ नगर में विराजी मां आदिशक्ति जगदम्बे भवानी की शोभायात्रा निकाली गई। जस पारंपरिक सेवा गीतों और धुमाल-डीजे की मधुर थाप के साथ सांग-बाणा में थिरकते हुए माता के प्रति भक्ति और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

वहीं विभिन्न समितियों ने विदाई की इस बेला में झांकियां व कला कौशल का प्रदर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की। शंकर नगर द्वारा हैरतअंगेज अखाड़ा और नया बाजार चौक द्वारा माता के सभी रूपों को हनुमान जी द्वारा झूला झुलाने की झांकी आकर्षण का केंद्र रही और शानदार प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीता।

इस दौरान हुतात्मा चौक के पास अजय फैंस क्लब और पुराना बाजार चौक में अभिनंदन मंच द्वारा स्वागत मंच बनाकर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य जनों ने माता रानी की पूजा अर्चना और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

वहीं विभिन्न स्थानों पर सेवा संगठनों द्वारा प्रसादी, पोहा, हलवा और जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर और ग्रामीण अंचल के श्रद्धालु भक्त गण मौजूद रहे। इस दौरान आस्था और भक्ति चरम पर रही। हर कोई अपने अपने तरीकों से माता को आखरी बार प्रणाम वंदन कर नम आंखों से विदाई देते हुए परिवार की सुख समृद्धि और जनकल्याण की कामना करने लगे। विदाई के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो का विधायक, महापौर ने किया शुभारंभ

- एक ही छत के नीचे मिल रहे दिनचार्य के सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्थानीय मिशन मैदान में क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो का शुभारंभ शुक्रवार को विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने कहा कि शहरवासियों की मांग पर एक ही छत के नीचे दिनचर्या की सभी सामान उचित भाव पर उपलब्ध है।

उपभोक्ता अब शापिंग एक्सपो के प्रांगण पर दूसरे राज्यो की अच्छा उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। शापिंग एक्सपो के संचालक आसिफ अली, धर्मेंद्र साहू, संतोष ध्रुव, डिगेश सलाम ने बताया कि त्यौहारी सीजन का ख्याल रखते हुए उनके शापिंग एक्सपो में फैंसी ज्वेलरी, सिल्क काटन साड़ी, ड्रेस मटेरियल, होम डेकोरेशन, खादी शर्ट, कारपेट, कुर्ता पैजामा, पर्दे, सोफा कव्हर, बेडशीट, क्राकरी, लखनवी चिकन कुर्ती, सूट, दुपट्टा, फैंसी लेडिस, सजावार सूट, कलकत्ता काटन, वुडन फर्नीचर, ब्रास एंड मार्बल, हैडक्राफ्ट, राजस्स्थानी, गुजराती, काश्मीरी बेडशीट, कुर्ता, पेंट, टीशर्ट, चुड़ी, लेडिस पर्स, काटन बैग इत्यादि एक ही छत पर उचित दाम पर उपलब्ध है।

शापिंग एक्सपो सुबह 10 से रात 10 बजे तक संचालित है। यह पब्लिक के लिए सुनहरा मौका है सभी आयटमों की खरीददारी के लिए हमेशा विशाल रेंज उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि दो हजार की खरीदी पर एक लकी कूपन फ्री में दिया जाएगा। लकी ड्रा प्रथम पुरस्कार फ्रीज, द्वितीय वाशिंग मशीन, तृतीय मिक्सर मशीन है।

# कृदत्त कॉलोनी में बच्चों ने किया रावण दहन





- राम के रूप में अयांश सिंह और लक्ष्मण के रूप में हैरथ डड़सेना ने रावण वध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विजयादशमी के अवसर पर गोकुलपुर स्थित कृदत्त कॉलोनी में छोटे-छोटे बच्चों ने राम -लक्ष्मण का रूप धरकर लंकापति रावण का दहन किया। शनिवार को कृदत्त कॉलोनी में शाम 7 बजे नीलेश्वर महादेव की सामूहिक आरती की गई।

तत्पश्चात बच्चों द्वारा स्थापित रावण और राम का रूप धरे अयांश सिंह और लक्ष्मण बने हैरथ डड़सेना की कालोनीवासियों ने पूजा की। इसके बाद बाल रूप में सजे राम - लक्ष्मण ने तीर धनुष और मशाल से बुराई के प्रतीक रावण का दहन किया। ज्ञात हो कि कृदत्त कालोनी के छोटे छोटे बच्चों ने अपने जेब खर्च से पैसे बचाकर रावण का पुतला खरीदा था। अंत में मिठाई बांटकर एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी गई। इस अवसर पर नेगूराम साहू, आरके साहू, एनडी सोनी, प्रवीण यादव, एकता सिंह, राधिकादेवी बशिष्ट, वंदना बशिष्ट, प्रवीण साहू, धामेश्वरी साहू, गेविश, सिम्मी आदि उपस्थित थे।

# आमदी में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी मना






हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

नव दिनों तक माता सेवा के बाद दशमी तिथि शनिवार को असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व को आमदी के साथ साथ अंचल में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राधाकृष्ण मंदिर कलामंच में श्री आदर्श बाल समाज लीला मंडली आमदी द्वारा रावण वध का मंचन किया गया। जो 3 घंटे तक चला। तत्पाशत भगवान राम ने रावण के नाभी पर अग्निबाण से वार कर रावण के पुतले का दहन किया। साथ ही रावण का पुतला जलते ही आतिशबाजी भी हुई जो काफी रोमांचकारी था।जिसे देखने नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आमदी में दो रावण बनाया जाता है, एक लकड़ी व पैरा का और दूसरा मिट्टी का बड़ा पुतला रावण दहन के बाद मिट्टी के पुतले का वध किया जाता है, जिसमें से थोड़ी मिट्टी लेकर एक दूसरे को तिलक लगाकर आशीर्वाद और बधाई देते हैं। श्री आदर्श बाल समाज लीला मंडली आमदी के संचालक हेमनू कुंभकार, नीलकंठ साहू ने बताया कि रामलीला का प्रदर्शन विगत 65 वर्षो से करते आ रहे हैं। विजयदशमी के दिन शाम 5 बजे श्रीराम दरबार सजाकर दंतेश्वरी मंदिर परिसर से निकलकर पूरा नगर भ्रमण किया जाता है। साथ ही प्रसादी वितरण भी किया जाता है। इस राम दरबार को देखने नगर की गलियों में लोग काफी संख्या में मौजूद रहते हैं। नगर भ्रमण करते हुए राधाकृष्ण मंदिर परिसर में पहुंचकर शाम 6 बजे रामलीला नाटक प्रारंभ होता है। इस रामलीला में रावण की अहम भूमिका हेमलाल साहू एवं अंगद की भूमिका सहदेव देवांगन के द्वारा बखूबी निभाया जाता है। हेमनू पाड़े ने आगे बताया कि इस वर्ष रावण का पुतला 20 फीट का बनाया गया था। रामलीला समापन होने के बाद राम दरबार को नगरवासी अपने घरों में आमंत्रित कर पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लेते हैं। इस मौके पर अतिथि के रूप में हेमंत माला, मनोज साहू, उषा देवांगन, गजेंद्र कुंभकार मौजूद रहे। साथ ही सभी ने नगरवासियों को विजयदशमी की बधाई दिए।

# रावनगुड़ा में नवमीं पर जसझांकी आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

नवरात्रि के अवसर कर ग्राम रावनगुड़ा के बाल समिति द्वारा दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर 11 अक्टूबर को जय मां शीतला पुरण जस झांकी रात्रिकालीन कार्यक्रम ग्राम देवरी भखारा का कार्यक्रम रखा गया। जिसे देखने दर्शकों की भीड़ रही। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सुरीत साहू ,रामानंद साहू, कृष्ण कुमार यादव, शंभू राम साहू, आकाश,साहू , भूषण साहू, त्रिलोक यादव, मोहन साहू, संतानू यादव, टुकेश्वर, धर्मेंद्र, लिलेश साहू, हेमनाथ साहू, नरेश साहू, दशरथ साहू, नरोत्तम साहू, राजेश साहू, शंकर लाल साहू, अरूण पटेल, मिनकेतन पटेल, अमृत पटेल, शीतल साहू, गुमान सिंह, राधे लाल साहू, नारायण यादव, जीवराखन साहू, डिकेन्द साहू, अमरसिंग साहू, सेवक राम साहू, श्रवण साहू, आशाराम साहू, विजय कुमार, अशवन साहू, ईश्वर यादव, विजय, यादव, जनक यादव, कामता यादव दुलारी बाई यादव , जमुना यादव की उपस्थिति के साथ अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# गुजरा में आयोजित अखंड रामधुनी सम्मेलन का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

क्षेत्र के ग्राम गुजरा में आयोजित तीन दिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन कार्यक्रम का आज समापन हुआ। अखंड रामधुनी सम्मेलन आयोजन ग्राम गुजरा में विगत 51 वर्षो से किया जा रहा है।

इस वर्ष भी समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन 8 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक तीन दिवसीय आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिला व क्षेत्र के ख्याति प्राप्त 20 रामधुनी मंडलियों ने भाग लिया ।जिसने अपनी कला कुशलता व झांकी गायन वादन पक्ष ,सुंदर-सुंदर वेशभूषा से सुसज्जित होकर के अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को देखने सुनने के लिए दर्शकों, श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिला। अखंड रामधुनी सम्मेलन कार्यक्रम की ख्याति इतनी है कि लगातार विगत 51 वर्षो से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दर्शक दीर्घा की सुबह 9:00 बजे से रात्रि 12:00 अपार भीड़ कार्यक्रम स्थल पर देखने को मिलता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न नामचीन प्रसिद्ध रामधुनी झांकी गायन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी है। कार्यक्रम की विशेष कड़ी अखंड ज्योत कक्षा में तीन दिनों तक श्री राम चरित्र मानस का अखंड पाठ होता है। इस वर्ष अखंड रामधुनी गायन वादन सम्मेलन कार्यक्रम में 20 रामधुनी झांकी मंडलियों ने भाग लिया और अपनी कला झांकी का प्रदर्शन किया। प्रत्येक रामधुनी मंडलियों को समस्त ग्राम वासियों के द्वारा सात्वाना राशि के रूप में झांकी पक्ष की मंडलियों को 3001 रुपए व गायन वादन पक्ष की मंडली को 2500 रुपए नगद राशि दी गई।

# जोत जंवारा छग की संस्कृति की पहचान

- शहर सहित गांव-गांव में जंवारा विसर्जन की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ की संस्कृति में जोत जंवारा का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्रि पर अनेक परिवारों ने जंवारा परम्परा की रस्म पूरी की। शुक्रवार तथा शनिवार को शहर सहित गांव- गांव में जंवारा विसर्जन परम्परागत रूप से किया गया।

हटकेशर में बाजार चौक के पास साहू परिवार ने जोत जंवारा का 9 दिवसीय अनुष्ठान किया। शनिवार को जंवारा विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जंवारा का धार्मिक अनुष्ठान करने वाले साहू परिवार के प्रेमलाल, नरेशकुमार ने बताया कि जोत जंवारा अंचल में मनाई जाने वाली प्राचीन धार्मिक परम्परा है। कुलदेवी देवता को प्रसन्न करने पीढ़ी दर पीढ़ी जोत जंवारा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में 30 साल बाद जोत जंवारा का आयोजन किया गया है। इसमें 9 दिनों तक जोत जंवारा की सेवा की जाती है। पूरे नौ दिनों तक जसगीत, सेवागीतों के माध्यम से देवी-देवताओं की आराधना होती है। 9 दिनों तक उपवास रखने के बाद नवमी-दशमी में विसर्जन किया जाता है। विजर्सन के दौरान गांव में डांग डोली रखने वाले पुजारियों को आमंत्रित किया जाता है। महिलाएं सादे वस्त्र में सिर पर जोत जंवारा लेकर विसर्जन के लिए निकलती हैं। तालाब में विसर्जन के दौरान सिरहा बैगा अपने देव विग्रह के साथ खूब नाचते खेलते हैं।

# ग्राम भोथली में मनाया गया दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी असत्य पर सत्य की जीत विजयादशमी ग्राम भोथली (बलियारा) में मनाया गया, जिसमें राम के किरदार में केवल कुमार, लक्ष्मण तोषण चक्रधारी, रावण शेखर सनहरा, हनुमार खिलेन्द्र साहू, कुंभकरण गिरीराज ध्रुव, मेघनाथ की बिजेश साहू ने भूमिका निभायी। यह कार्यक्रम में अध्यक्ष त्रिभुवन सनहरा, अशोक सिन्हा, डॉ. केशव साहू, हुलास राम, बालीराम एवं ग्राम के सरपंच घनश्याम साहू तथा गांव के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम भोथली में विगत 90 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न किया गया। यहां 30 फीट का रावण बनाया गया था जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा था। यह जानकारी केवल साहू एवं बिजेश साहू द्वारा किया गया।


**ज्योतिषी** शिर्डी से आपके धमतरी में



अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में सातवीं बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
**पं. कुण्डलिक शास्त्री जी**
आपके शहर धमतरी में



जनता की मांग पर - 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 तक

मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।

बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)

पता - भगवती लॉज, रूम नं. 18 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-



NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*



₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)



**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**कुरुद दशहरा महोत्सव** राम दरबार में चल रही थी शांति दूत भेजने की तैयारी, उधर वध से पहले ही दहन हो गया रावण

# प्राचीन श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकालकर खेल मेला मैदान में हुआ रामलीला का मंचन

■ विजय सिंह के आर्केस्टा के साथ दशहरा महोत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विगत परम्परानुसार विजयादशमी के अवसर पर नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार भी खेल मेला मैदान में रामलीला का आयोजन कर रावण वध किया गया। लेकिन इस बार राम दरबार में रावण के पास शांति दूत के रूप में अंगद को भेजने की तैयारी चल रही थी वहीं दूसरी ओर इस बार 62 फीट ऊंचा तैयार रावण का पुतला जल गया। जिसके कारण आनन फानन में राम-रावण का युद्व कर लीला समाप्त करना पड़ गया।

अपने रजत जयंती वर्ष में इस बार आयोजन समिति इस बार दशहरा उत्सव को यादगार बनाने पहले धूमधाम से बैंड-बाजे के साथ प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रभु श्रीराम जी और लक्ष्मण जी की शोभायात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्ग से होकर खेल मेला मैदान पहुंची। जहां 55 फीट की जगह 62 फीट ऊंचा रावण का पुतला तैयार कर खूब आतिशबाजी के साथ रावण दहन करने की उत्साह में दुकानों में आये आयटम के इलेक्ट्रिक शॉट के जरिये धमाके वाले फटाके के साथ रावण का पुतला जलाने तैयारी कर रखी थी। वहीं दशहरा महोत्सव के मुख्य संरक्षक और क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षों में राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, ज्योति चंद्राकर, न.प. उपाध्यक्ष मंजू साहू, दशहरा महोत्सव के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा की उपस्थिति में अभिव्यक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा था।

अंतिम दिवस की सांस्कृतिक संध्या विजय सिंह आर्केस्टा की मनभावन प्रस्तुति प्रभु श्री राम चंद्र के भजन के साथ हुई। अंत में महोत्सव समिति के महासचिव भानु चन्द्राकर ने विजय सिंह, इकबाल खान और साथी कलाकारों एवं अभिव्यक्ति मंच के कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, पार्षदगण राखी चन्द्राकर, सुचित्रा अग्रवाल, मनीष साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, मालक राम साहू, कृष्णकांत साहू, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, पिंटू विनोद चन्द्राकर, हिरेश सिन्हा, कमल शर्मा, रवि चंद्राकर, जितेंद्र चन्द्राकर, संतोष बैस, भोजराज चन्द्राकर, कोमल साहू व हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

## रावण वध हुआ ही नहीं था और जल गया पुतला



मंच में कलाकारों द्वारा राम दरबार निकालकर विभीषण और राम के मध्य अंगद को शांति दूत बनाकर लंका भेजने का मंचन किया ही जा रहा था कि वहीं पर्दे के पीछे रावण का पुतला तैयार करने वाले सहयोगी कलाकार द्वारा रावण वध के पहले उनका इलेक्ट्रिक सिस्टम ठीक से काम कर रहा है या नही जांचने की पूर्व तैयारी ही घातक हो गया। उनके इस प्रयोग जांच में रावण के नाभि में इलेक्ट्रिक वायर के जरिये लगा हुआ फटाका फट गया और पुतले में आग लगकर आतिशबाजी होने लगी। इधर इस दृश्य को देखकर हड़बड़ाए कलाकरों ने आनन फानन में राम रावण युद्ध कराकर मंच की मर्यादा बनाये रखने की कोशिश की। जिसके बाद सभी ने एक दूसरे को सोनपत्ती भेंट कर असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक पर्व की बधाई दी।




## अपने सार्वजनिक जीवन को शानदार बनाये ताकि लोग आपको याद करे : अजय चंद्राकर

ततपश्चात मंचीय गतिविधियों में महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने कहा कि इस बार रजत जयंती वर्ष में समिति लगभग 500 विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किये है। नपं. अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है, जो हमें सत्य की राह पर चलना सिखाता है। हम सभी मिलजुलकर इससे प्रेरणा लें और जनसेवा में सहभागी बने। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने महोत्सव के पूर्व अध्यक्ष रहे कुशल सुखरामनी को याद कर उनके सपनों को साकार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि दशहरा महोत्सव को आज 25 साल पूरे हुए है,यह हमारे महोत्सव के कर्मठ कार्यकर्ताओं और सहयोगियों से संभव हुआ है। श्री चन्द्राकर ने सभी को विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी नगरवासियों के सहयोग से आज यह आयोजन शानदार हो गया है। आप सभी अपने सार्वजनिक जीवन को इतना शानदार बनाए कि लोग आपको आपकी उपलब्धि के लिए याद करें।

# दशा सोरठिया गुजराती समाज के गरबा में दिखा मां की भक्ति का अलौकिक स्वरूप

■ समाज को भक्ति से एकता के सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम है रास गरबा : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नवरात्रि के अष्टमी पूजन पश्चात दशा सोरठिया वणिक गुजराती समाज द्वारा समाज की अलौकिक, अद्वितीय तथा वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए गरबा की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भक्ति के विभिन्न स्वरूप को बताते हुए कहा कि पुरातनकाल से गायन व नवधा भक्ति से ही ईश्वर की वास्तविक पूजा संपन्न होती है और यही गरबा का एक शाश्वत रूप है।

सर्व गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने मंत्री टंकराम वर्मा को केडिया गुजराती वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि गुजरात एवं गुजराती समाज ने सनातन की रक्षा के लिए हमेशा अपने धर्म पताका को फहराया है। इसे आगे जारी रखना हम सबका कर्तव्य है। इसके लिए गरबा जैसा महोत्सव हम सभी को जोड़ने का एक माध्यम है।

मौके पर दशा सोरठिया वणिक गुजराती समाज के अध्यक्ष नितिन ढोलकिया, प्रकाश बारमेड़ा अध्यक्ष गुजराती समाज रायपुर, जितेंद्र चौहान उपाध्यक्ष,राजू लोटिया, हरि कटारिया, चंदू बाबरिया, विपिन पटेल सचिव गुजराती समाज रायपुर, विजय सेठ, योगेश राजकोटिया, मनोज पारेख, तुषार शाह, शैलेश कड़ी, चेतना पारेख, ज्योति सेठ, भावना ढोलकिया, कृपा पारेख, उर्वशी पारेख, कामिनी काटकोरिया, दीपेश धाबलिया, मनोज पारेख, विजय सेठ, नितिन कढ़ी, आनंद खड़िया, मनोज खड़िया, जयेश सांगनी, हितेश लोटिया, योगेश राजकोटिया, मनीष भुपतानी, जतिन पारेख, प्रतीक बाबरिया, कल्पेश ढोलकिया, अंशुल आनंदपारा, किंशुल सांगणी, सौरभ विरानी, प्रतीक बाबरिया, जतिन कटकोरिया, कल्पेश ढोलकिया, देविका काटकोरिया समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजू लोटिया ने किया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

**धमतरी**। पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्राम खरतुली के ग्रामीणों ने नया तालाब, गौठान, श्मशान घाट में वृहद पौधरोपण किया। ग्राम बैठक में रबी फसल पर प्रतिबंध किया गया।




## गाजे बाजे के साथ भक्तों ने मां दुर्गा को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में शारदीय नवरात्रि पर 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा आरती की गई। साथ ही भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति भी प्रज्जवलित की गई। शुक्रवार को पंडालों में हवन पूजन कर ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव के पुराना स्कूल चौक के जय अम्बे मां दुर्गा उत्सव समिति एवं बाजार चौक के मां दंतेश्वरी सेवा समिति और बजरंग चौक टिकरापारा के नवदुर्गा सेवा समिति ने विजयादशमी की सुबह माता की प्रतिमाओं को लेकर गांव में मनोरम झांकी निकाली और पूरे गांव का भ्रमण किया। झांकी में गाजे बाजे के साथ सेवा गीत गाते हुए श्रद्धालुगण झूमते नजर आए। भ्रमण पश्चात गांव के शीतला तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया और भक्तों द्वारा नम आंखों से विदाई दी गई।









